हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025





## मध्य रात्रि भद्रा हटने के बाद मुहूर्त पर हुआ होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। 13 मार्च को मुहूर्त पर लोगों ने पूजा-अर्चना कर मध्य रात्रि होलिका दहन किया। दूसरे दिन 14 मार्च को सुबह से रंगोत्सव का माहौल शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बना रहेगा।

ज्ञात हो कि होली पर्व को लेकर उत्साह उमंग के साथ मनाने के लिए लोगों ने व्यापक तैयारियां की है। पर्व को देखते हुए शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में रंग-गुलाल, मिठाई इत्यादी की दुकानें सजी हुई थी, जहां से लोगों ने जमकर खरीदी की। घरों में भी पर्व के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन गृहणियों ने तैयार किए हैं। आज 13 मार्च को भद्राकाल हटने के बाद शुभ मुहूर्त पर लोगों ने मध्य रात्रि होलिका दहन किया। उल्लेखनीय है कि होलिका दहन के लिए शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों ने बसंत पंचमी से ही निर्धारित स्थान पर लकड़ियां एकत्र करना शुरू कर दिया था। होलिका दहन के पूर्व फाग गीत और नगाडों की गूंज भी बनी हुई थी। आज मुहूर्त पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात होलिका दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के बाजार में उमड़ी भीड़, जमकर खरीदी

#### पुलिस की टीमें अलर्ट

होली पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने जिलेभर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ पूर्व से ही धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। वहीं थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर पर्व को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई है। पुलिस के अनुसार पर्व के दौरान हुडदंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पर्व पर चौक-चौराहों में जहां पुलिस बल तैनात रहेंगे। वहीं दूसरी ओर पेट्रोलिंग में भी पुलिस बल रहेंगे।



#### आज रंगोत्सव की धूम

कल 14 मार्च को अंचल में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा। पर्व के तहत शहर के श्री सत्यनारायण मंदिर से सुबह के समय रथ में भगवान राधा-कृष्ण की भव्य झांकी शहर में निकाली जाएगी। वहीं केसरियां रंग से रंग-गुलाल खेला जाएगा, जिसे लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। इधर घर-घर व गली-मोहल्लों में रंग-गुलाल खेलने के लिए लोगों ने व्यापक तैयारी की हुई है। पर्व से पूर्व लोगों ने रंग-गुलाल, नगाडा, मिठाई इत्यादी की खरीदी कर रखी है।

## डेढ़ सौ साल पुरानी होलिका दहन की परंपरा, महिलाएं करती है ठंडी होली की पूजा

**राजनांदगांव।** शहर के गंज चौक में लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुरानी होलिका दहन की परंपरा को यहां के लोग आज भी कायम रखे हुए हैं। यहां गंज चौक के समीप प्रतिवर्ष विधि विधान से भव्य होलिका दहन का आयोजन किया जाता है। इस होलिका दहन से पूर्व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं यहां पहुंचकर ठंडी होलिका की पूजा करती है और इसके बाद होलिका दहन किया जाता है। बालाजी मंदिर समिति एवं बाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष गंज चौक के समीप होलिका दहन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी प्राचीन परंपरा के अनुसार यहां होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भद्रा लगने से पहले ही आज सुबह महिलाओं ने यहां पहुंचकर होलिका की पूजा अर्चना की।



**रियासत कालीन परम्परा**

बालाजी मंदिर समिति से जुड़े संतोष हुका, अनिल जैन और मनीष खंडेलवाल ने बताया कि यहां रियासत कालीन समय से ही होलिका दहन किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष होलिका दहन से पूर्व यहां ठंडी होली की पूजा करने की परंपरा है। जिसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल होती है। वहीं होलिका दहन के बाद प्रसाद स्वरूप स्वल्पाहार वितरण किया जाता है।

**गोबर के उपलों का हार :** ठंडी होलिका की पूजा करने सुबह महिलाएं होलिका दहन स्थल पर पहुंची और यहां होलिका पर मौली धागा लपेटा, होलिका की आरती की, प्रसाद चढ़ाया और एक दूसरे को तिलक लगाकर होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं होलिका पर गोबर के उपयोग से बने हार चढ़ाकर महिलाओं ने अपने परिवार में सुख समृद्धि की कामना की।



### दिग्विजय-कमला कॉलेजों से लेकर सरकारी एवं निजी स्कूलों में गुरुवार को दिखा होली का रंग

## स्कूल-कॉलेजों में मना रंगों का त्यौहार, जमकर उड़े गुलाल, होली गीतों की धुन में थिरके स्टूडेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भले ही होली पर्व के तहत देशभर में रंग आज खेले जाएंगे, लेकिन इससे पहले ही जिले की स्कूल, कॉलेजों में छात्रों ने गुरुवार को जमकर होली मनाई। शहर के दिग्विजय कॉलेज से लेकर कमला कॉलेज, स्टेट स्कूल सहित लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में होली का रंग देखने को मिला।

होली गीतों में झूमते हुए भी छात्र-छात्राएं नजर आई। इसके अलावा परीक्षा देकर निकले विद्यार्थियों ने भी एक-दूसरे को रंग लगाकर त्यौहार मनाया। ज्ञात हो कि आज देशभर में सुबह से ही होली का त्यौहार मनाया जाएगा। हालांकि शिक्षण संस्थानों में अवकाश होने के चलते विद्यार्थियों ने पहले ही अपने दोस्तों के साथ रंगों का पर्व जमकर मनाया।







#### दिग्विजय में मना होली फेस्ट, डीजे-गुलाल के साथ मना जश्न

जिले के सबसे बड़े कॉलेज दिग्विजय में भी गुरुवार को होली का रंग देखने को मिला। कॉलेज परिसर से ही लगे हुए त्रिवेणी परिसर में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा होली फेस्ट का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में डीजे की धुन पर विद्यार्थी थिरकते हुए नजर आए। इसके साथ ही जमकर रंग-गुलाल भी एक-दूसरे पर उड़ाए गए। खास बात यह है कि बाहरी लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए आयोजन में कॉलेज आईडी दिखाने के बाद भी भीतर प्रवेश दिया जा रहा था। सैकड़ो की संख्या में कॉलेज विद्यार्थियों ने इस आयोजन में शामिल होकर आनंद लिया।

### खबर संक्षेप

#### होली में गौवंश और कुत्तों से दूरी बनाने अपील

**राजनांदगांव।** बजरंग दल के प्रांत गौरक्षा प्रमुख प्रशांत दुबे ने युवाओं और जनमानस से अपील की है कि होली पर्व पर रंगों से खेल मानवों के साथ किया जाए। अपने इष्ट देवी-देवताओं को रंग लगाकर मनाया जाए।

इस पर्व पर कुछ बदमाश तत्व मस्ती करने गौवंश और कुत्तों को रंग और कलर रंग देते है। जिसके बाद उनका क्या होगा कोई नहीं सोचता। हमारे संतो ने एक सात्विक होली का आह्वान किया है, जिसे पूर्ण शुद्धता से परिवारजनों के साथ मनाया जाए।

राजनांदगांव के जिला गौरक्षा प्रमुख अंशुल कसार ने कहा कि रंगों का निर्माण मानवों के लिए होता है, इनका गौवंश और मूक जानवरों पर प्रयोग गहरा रिएक्शन देता है। लोग होली खेल कर तो नहा लेते हैं, परंतु इन जीवों पर तो रंग लगा रहा है, जो धूप-पसीने से इनकी चमड़ी जला देता है। अपने रंग जीभ से साफ करने के प्रयासों से ये गंभीर बीमारी पैदा कर लेते हैं और कई बार तो मृत्यु को प्राप्त कर लेते हैं। इन्हें रंगने वाला होली की मस्ती में मृत्यु का दोष प्राप्त लेता है।

### माय एंगल




## पाइप लाइन फूटी, सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कोतवाली थाना के समीप रामाधीन मार्ग तिराहे के आसपास पाईप लाइन के फूटने से सैकड़ों लीटर पानी सड़क पर बहने लगा। आज सुबह पानी की तेज धार से फ्लाईओवर की सर्विस रोड पर कोतवाली थाना से लेकर गायत्री मंदिर चौक तक सड़क लबालब नजर आया। वहीं पाईप लाइन फूटने की वजह से सड़क का पानी आजाक थाना और महिला थाना परिसर में भी भर गया।

बताया जा रहा है कि बुधवार को ओवर हेड टैंक भरते समय मेन पाईप लाइन फूट गया था, लेकिन पानी का बहाव अधिक नहीं होने के चलते पाईप लाइन फूटने की जगह स्पष्ट नहीं हो पाई थी। जिसके चलते मरम्मत कार्य नहीं किया गया। वहीं आज सुबह पाईप लाइन फटने से लाखों लीटर पानी सड़क पर और कोतवाली थाना सहित महिला थाना परिसर में भर गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर पाईप लाइन फूटने के स्थान की तलाश की।



#### फ्लाईओवर के नीचे फूटा

मोहारा से टांकाघर ओवरहेड टैंक तक जा रहे मेन पाईप लाइन का हिस्सा फ्लाईओवर के नीचे फूटा हुआ मिला। इसके बाद जेसीबी की मदद से फ्लाईओवर के नीचे की कांक्रीट तोड़ी गई और सरिये को काटकर पाईप लाइन का सुधार कार्य शुरू किया गया।

#### बाढ़ जैसा नजारा

पाईप लाइन के फूटने से सड़क सहित कोतवाली थाना और महिला थाना परिसर का नजारा बाढ़ जैसा प्रतीत हो रहा था। सड़क और थाना परिसर लबालब रहा।

## पारा@39, बंगाल की खाड़ी से आ रही हवाओं से बदलेगा मौसम, रविवार को बारिश की आशंका!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में अधिकतम तापमान लगातार वृद्धि की ओर है, गुरुवार को यह चढ़कर 39 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में आज होली का पर्व भी भारी गर्मी के बीच लोगों को मनाने मजबूर होना पड़ेगा। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 72 घंटे में कुछ बदलाव मौसम में देखने को मिल सकता है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं के चलते 16 मार्च के बाद हल्की बारिश होने की आशंका है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से हल्की नमीयुक्त हवा के आगमन के कारण अधिकतम तापमान इस स्तर पर पहुंचा है। इस स्तर से और अधिक अधिकतम तापमान बढ़ने की संभावना कम ही है। इस बीच एक डिग्री सेल्सियस तक उतार-चढ़ाव संभव है, इसलिए मध्य क्षेत्र में ग्रीष्म लहर/ग्रीष्म लहर जैसे स्थिति निर्मित अगले दो दिनों तक अर्थात कल यानि 15 मार्च तक रहने की संभावना है। 16 मार्च से बंगाल की खाड़ी से आने वाली अपेक्षाकृत ठंडी और नमीयुक्त की हवाओं की गहराई 1.5 किलोमीटर तक होने की संभावना है। इस कारण हल्के बादल की स्थिति 16 मार्च से कुछ जिलों में संभव है। साथ ही एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

### सामान्य से चार डिग्री तक अधिक रहा दिन का तापमान



#### इन दो स्थिति में ग्रीष्म लहर

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दो स्थिति में ही किसी इलाके में ग्रीष्म लहर चलना माना जा सकता है। इनमें या तो उस इलाके का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक पर पहुंच जाए या फिर उस इलाके का मौजूदा अधिकतम तापमान, सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होना चाहिए। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान गुरुवार को 39 डिग्री के करीब रहा है। यह सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है।

#### तापमान में उतार-चढ़ाव का सेहत पर असर

इधर तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इसके साथ ही दिन और रात के तापमान में भी अंतर दस डिग्री से अधिक हो गया है। यही कारण है कि इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। सर्वाधिक शिकायतें शरीर में पानी की कमी होना, सर्दी-खांसी और एलर्जी देखने को मिल रही है।

### होली को लेकर निगम और पुलिस महकमे ने की अपनी तैयारी

## हुड़दंगियों पर नजर रखने चार सौ जवान की तैनाती, दो टाइम होगी जलापूर्ति, अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली के पर्व पर जिलेभर में हुड़दंगियों पर नजर बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। एसपी मोहित गर्ग ने जिलेभर में करीबन एक हजार जवान की तैनाती सुरक्षा के मद्देनजर की है। इसमें पांच सौ जवान शहर में ही सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए नजर आएंगे। वहीं आज होली के तहत पानी की आवश्यकता को देखते हुए निगम द्वारा शहर में आज दो टाईम पानी की सप्लाई की जाएगी।

इसके साथ ही पानी टैंकरों के जरिये भी मांग पूरी करने की कवायद की जाएगी। इसके साथ ही अस्पताल में इमरजेंसी सुविधाओं के लिए स्टॉफ को तैनात रखा जाएगा। हालांकि ओपीडी आज बंद रहेगी। पुलिस महकमे में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए एसपी, एएसपी सहित सभी आलाअफसरों को मॉनिटरिंग करने का जिम्मा दिया गया है। इसके साथ ही दो पहिया वाहन के साथ ही चार पहिया वाहन के जरिये भी पेट्रोलिंग की जाएगी। ऐसी दो दर्जन से अधिक टीमों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। फिक्सड पाइंट भी बनाए गए हैं।



#### पर्याप्त पानी देने की कोशिश

ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से शहर में जलसंकट के हालात हैं। ऐसे में एक समय ही जलापूर्ति की जा रही थी, लेकिन होली को देखते हुए निगम प्रशासन दो समय जलापूर्ति करेगा। इसके लिए जलाशयों से पानी मंगाया है।

#### ऐसी रहेगी सुरक्षा

आधुनिक तकनीक का ड्रोन कैमरा उड़ाया जाएगा। इस ड्रोन कैमरे से विशेष निगरानी होगी। वहीं ट्रिपल सवारी मोटर साइकिल चलने वाले, तेज हार्न बजाने, मुखौटा पहनकर अभद्रता करने वालों पर पुलिस की पैनी निगाह होगी। होली पर्व के दिन शहर सहित आउटर क्षेत्र में भी पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। वहीं 52 से अधिक अलग-अलग पेट्रोलिंग पार्टियां दिनभर शहर में गश्त करेगी। वहीं बाज स्कॉट की 11 टीम, 30 फिक्स पॉइंट और गोताखोर तैनात रहेंगे। वहीं रिजर्व पार्टी भी तैयार रहेगी।

## आरटीई पोर्टल दोबारा खुला फॉर्म भरने नया सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क दाखिले के लिए आरटीई का पोर्टल एक बार फिर शुरू कर दिया गया है, लेकिन इस वर्ष फार्म भरने की प्रक्रिया बदल दी गई है।

नए नियम के तहत अब केवल प्रमाण पत्र की जानकारी ही नहीं, बल्कि प्रमाण पत्रों की तस्वीर भी अपलोड करनी होगी। लोगों को अपने मोबाइल फोन से फॉर्म भरना मुश्किल भी लग रहा है। शिक्षा के अधिकार के तहत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पोर्टल में सुधार करने के पश्चात 13 मार्च से शुरू कर दी गई है, लेकिन इस बार ऑनलाइन आवेदन करने नए नियम बनाए गए हैं।

पोर्टल में नए नियम के तहत दस्तावेज अपलोड भी करने है। जिसकी वजह से मोबाइल के माध्यम से आवेदन करने में दिक्कते भी आ रही है।

#### 500 केबी में दस्तावेज, उलझे पालक

आरटीई पोर्टल में ऑनलाइन फॉर्म भरते समय बच्चे की फोटो 500 केबी में अपलोड करना है। योग्यता दस्तावेज, जन्म सत्यापन प्रमाण पत्र, पता संबंधी दस्तावेज, अभिभावक का पहचान, सत्यापन प्रमाण पत्र भी अपलोड किया जाना है। पोर्टल खुलने की जानकारी मिलते ही लोग बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क दाखिला दिलाने आवेदन करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया में उलझ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय फाग एवं जस स्पर्धा 15 को

**लालबहादुर नगर।** जय मां शीतला फाग मंडली व श्री कृष्ण युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त संयोजन में 15 मार्च शनिवार को राज्य स्तरीय फाग एवं जस झांकी महोत्सव का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण लाल बहादुर नगर (पाथरी) में किया गया है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार महोत्सव में अंचल की विभिन्न समितियों के अलावा भिलाई, धमतरी, अंडा दुर्ग सहित अन्य समितियों को आमंत्रित किया गया है। संस्थापक उमेंद सिंह देवांगन, अध्यक्ष राजेश देवांगन, उपाध्यक्ष मनोहर सिन्हा, सचिव सुनील यदु, सहसचिव राहुल यदु, कोषाध्यक्ष भुपेन्द्र यदु सहित अन्य पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

### ओड़िसा सरकार ने दमयंती का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ओडिसा सरकार ने राजनांदगांव जिले की ग्राम खैरझिटी की श्रीमती दमयंती सोनी को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार ओडिसा में आयोजित माईनिंग एक्सपो कार्यक्रम में दमयंती सोनी शामिल हुई। दमयंती सोनी ने जेसीबी मशीन एवं अन्य भारी मशीनों को चलाकर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। छत्तीसगढ़ की एकमात्र ऑपरेटर होने के कारण माईनिंग कंपनियों ने सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि दमयंती सोनी दिसम्बर माह में ग्रेटर नोएडा और जनवरी में चले भारत मोबिलीटी एक्सपो दिल्ली एनसीआर में भी बड़ी मशीनों को चलाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। वह एक उम्रदराज महिला होने के बाद भी अपनी मेहनत और हिम्मत का परिचय देकर अपने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करती रहेगी।

### ओपन कैंपस प्लेसमेंट का शानदार आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज महाविद्यालय में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए ओपन केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के अलावा राजनांदगांव के शासकीय महाविद्यालय, निजी महाविद्यालय और अन्य कोचिंग संस्थान सहित लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल प्रभारी धनंजय साहू ने बताया कि प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन एसीई बैंकर प्रोग्राम के तहत हुआ, जो देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक एवं एनआईआईटी की सहायक कंपनी एनआईआईटी (आईएफबीआई) की संयुक्त साझेदारी से बना है। इस कैंपस में चयनित विद्यार्थियों को 45 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण एनआईआईटी विश्वविद्यालय में दिया जाएगा। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ साथ स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को रोजगार भी प्रदान करना है। यह कैंपस प्लेसमेंट, इच्छुक व्यक्तियों को रोजगार के लिए नए अवसर भी प्रदान करेगा और बैंकिंग उद्योग के प्रतिभाशाली पुल में योगदान देने का मौका भी देगा।

### भूमिगत जल को सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग करने के दिए निर्देश

# ग्रीष्म ऋतु में होनी चाहिए सतत पेयजल की आपूर्ति : कलेक्टर

**एसडीओ, उप अभियंता, हैण्डपंप तकनीशियनों की ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की सतत आपूर्ति के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी मैदानी अमले एसडीओ, उप अभियंता, हैण्डपंप तकनीशियनों की बैठक ली।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा पेयजल की सतत आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मैदानी अमले को अलर्ट रहकर जिम्मेदारी के साथ बहुत अच्छा कार्य करने कहा। उन्होंने बिना अनुमति से लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। जिससे पानी की समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पानी के महत्व को बताते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है तथा किसानों को कम पानी उपयोग वाली फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान ट्यूबवेल से पानी लेकर सिंचाई करने से भू-जल स्तर में बहुत कमी आ रही है, इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का कार्य अभियान की तरह करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। जिससे ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए चिन्हांकित ग्रामों में जल समस्या समाधान शिविर, जल संगोष्ठी, फसल चक्र परिवर्तन, वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।




#### बोरवेल से भू-जल का अत्यधिक दोहन

कलेक्टर अग्रवाल ने भूमिगत जल को सिर्फ पेयजल के लिए उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए भू-जल के रिचार्ज हेतु जनसहयोग से 1000 इंजेक्शन वेल मशीनों का उपयोग ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। इसकी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बोरवेल के माध्यम से भू-जल का अत्यधिक दोहन किए जाने के कारण जल संकट की स्थिति बन रही है। इसे दूर करने के लिए सबकी सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर ने सभी मैदानी अमले को जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत से निरंतर संपर्क रखने के निर्देश दिए। इसके लिए व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाने कहा। उन्होंने टोल फ्री 18002330008 नंबर में शिकायत प्राप्त होने पर यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

#### जल संरक्षण के तरीकों से कराएं अवगत

बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा ने मैदानी अमलों से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चालू और बंद हैण्डपंप के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी ग्रामवार हैण्डपंपों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति का कार्य निरंतर चलते रहना चाहिए। ग्रामीणों को हैण्डपंप में पानी नहीं आने के कारण को विस्तार से जानकारी देने कहा। इसके साथ ही जल संरक्षण के तरीकों के संबंध में जानकारी देने कहा। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ, उप अभियंता और हैण्डपंप तकनीशियन उपस्थित थे।

# विस अध्यक्ष ने किया पुस्तक का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान समता मंच द्वारा संचालित भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में श्रीमती मनोरमा गांधी द्वारा प्रदत समता एम्बुलेंस का शुभारंभ किया एवं समता मंच के संरक्षक गौतम पारख द्वारा लिखित विचार वैभव पुरस्तक का विमोचन किया विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान संस्था को 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि गौरम पारख द्वारा लिखित चौथी पुस्तक विचार वैभव कोई सामान्य पुस्तक या उपन्यास नहीं है। संतों, महर्षियों की वाणी के साथ जीवन व्यवहार, आचरण, सात्विक जीवन का उद्बोध यह पुरस्तक करती है। पुस्तक में श्रेष्ठ चिंतन, उदाहरणों सहित प्रस्तुत की गई है। इसके पूर्व में प्रकाशित विचार प्रवाह, विचार मंथन, विचार दर्पण पुस्तक निश्चित रूप से पठनीय एवं जीवन में आत्मसात करने योग्य सिद्ध हुई है।

इस अवसर पर समता मंच के संरक्षक गौतम पारख, मनोरमा गांधी, सूरजबाई पारख, राजेश गोलछा, समता मंच के अध्यक्ष गौतम कांकरिया, उमेद गिडिया, डॉ. नरेद्र गांधी, महेश खंडेलवाल, तिलोक बोहरा, गौतम सुराना, जीवन गिडि़या, बालचंद पारख, विनोद बोहरा, सतीश सांखला, सुधीर जैन, प्रफुल कबाड़, उत्तम गिडि़या सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवक उपस्थित थे।

#### संस्था के सेवा कार्यों की सराहना

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि समता मंच मानव सेवा, चिकित्सा सेवा, वृद्धाश्रम, समता जल मंदिर, पुस्तकालय के क्षेत्र में विशेष कार्य कर रही है। भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के माध्यम से वृद्धजनों की सेवा अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि श्रीमती मनोरमा गांधी ने संस्था को चिकित्सा जगत में आपातकालीन सेवा के लिए एम्बुलेंस प्रदान किया है। जिसके लिए उन्हें बहुत-बहुत साधुवाद है। आपातकालीन स्थितियों में यह एम्बुलेंस मरीजों के सहारे के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

# जिले में महापरीक्षा का आयोजन 23 को

- जिला साक्षरता प्राधिकरण अंतर्गत संचालित उल्लास अभियान की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला साक्षरता प्राधिकरण अंतर्गत संचालित उल्लास अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय व्यापी महापरीक्षा अभियान बुनियादी साक्षरता एवं संध्या ज्ञान आंकलन परीक्षा एवं उन्मुखीकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




#### जिले के 717 केन्द्रों में होगी परीक्षा

इस संबंध में जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह ने बताया कि आगामी 23 मार्च को महापरीक्षा अभियान आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। आयोजित इस परीक्षा में परीक्षार्थी अपनी सुविधा के अनुसार उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए जिले के 717 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन परीक्षा केन्द्रों में संकुल प्रभारी प्रश्न पत्र पहुंचाएंगे। परीक्षा के बाद प्रश्न पत्रों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस परीक्षा की तैयारियों के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को विकासखंड स्तर पर बीईओ एवं एबीओ की बैठक लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है।

# दिघवाडी में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील

### 32 गांव के रहवासियों को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्रामीण अंचल में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में मोहला उपसंभाग के ग्राम दिघवाड़ी में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में नए 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार दिघवाड़ी उपकेन्द्र की क्षमता 4/75 एमव्हीए से बढ़कर 6.30 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से दिघवाड़ी उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांव के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।



#### 32 गांव को मिलेगी सुविधा

मोहला संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार रामटेके ने बताया कि दिघवाड़ी उपकेन्द्र में 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से स्थापित नए 3.15 एमव्हीए का अतिक्ति पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से लगभग 32 गांव के 2676 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता एस. कंवर ने कार्यपालन अभियंता एके रामटेके, एमके साहू, एडी टंडन, सहायक अभियंता एसपी ठाकुर, शिरीष मिलिंद और उनकी टीम को बधाई दी है।

# धूमधाम से मनाएं रंगों का होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- हिन्दू संस्कृति का विरोध करने वाले मैसेज का करें बहिष्कार

हिन्दू संस्कृति के प्रमुख त्योहार होली पर्व को सभी भक्त मिल-जुलकर धूमधाम से मनाएं। यह पर्व रंगों का पर्व है। होली का सीधा संबंध पिचकारी से भरे रंगों से होता है, बिना पानी के होली की कल्पना संभव नहीं है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के अनुसार होली पर रंग ना खेले, पानी बचावे, सुखी होली खेले, जैसे मैसेज पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न वाट्सएप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किए जा रहे हैं, जिसे हमारे ही अपने लोग बिना कुछ सोचे-समझे आगे फारवर्ड करने की होड़ में अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है, जो उचित नहीं है।

होली के दिन जी भरकर रंग खेले, जी भरकर पानी बहावे और अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे। हम वर्ष के 364 दिन पानी बचावे और एक दिन होली का पूरा आनंद उठावे। होली का त्यौहार गीले रंगों की फुहार का पर्व है। कुछ शरारती तत्व ऐसे त्यौहारों के अस्तित्व को समाप्त करने के उद्देश्य से उल-जलूल मैसेज भेजते है, ऐसे मैसेज को तुरंत डिलीट करें। ऐसे लोग जो 364 दिन या अन्य त्यौहारों पर पानी बचाने की बात नहीं करते और केवल होली या हिन्दू त्यौहारों पर पानी बचाने की बात करते हुए सूखी होली खेलने की सलाह देते है, उनका एवं उनके मैसेज का बहिष्कार करें, जो ऐसे मैसेज भेजते हैं, ऐसे लोगों के मैसेज तुरंत डिलीट कर दें। उसे कतई आगे ना भेजे। श्री सत्यनारायण मंदिर से 14 मार्च को निकलने वाली भगवान श्री राधाकृष्ण की भव्य शोभायात्रा में शामिल होकर होली का वास्तविक आनंद प्राप्त करें, ऐसा आग्रह है।

# औद्योगिक पेंशन 5 हजार करने की मांग, भामसं करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई अपने राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत 18 मार्च को औद्योगिक पेंशन-95 की राशि 5 हजार रुपए मासिक बढ़ाने व अन्य मांगों को लेकर जिलाधीश कार्यालय में प्रदर्शन करेगी तथा भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजेगी।

भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा व संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि 1 फरवरी 2025 को भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में जहां आयकर सीमा बढ़ाकर कर्मचारी जगत को राहत दी गई। वहीं डेयरी उद्योग, मत्स्य उद्योग, गिग वकर्स एवं लघु उद्योगों को भी राहत प्रदान की गई। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों को भी टीडीएस द्वारा राहत देकर उनका सम्मान किया गया। इतना ही नहीं, बल्कि कैंसर जैसी बीमारी की दवा को सस्ती कर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, किन्तु प्रस्तुत बजट में औद्योगिक पेंशन-95 के 75 लाख से अधिक पेंशनरों को कोई राहत नहीं दी गई। जिससे उनमें घोर निराशा व्याप्त है। महंगाई के युग में एक हजार रुपए मासिक पेंशन में जीवन निर्वाह करना असंभव है। इसी तरह स्कीम वर्कर जैसे आंगनबाड़ी, मितानिन, मध्यान्ह भोजन रसोईयों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की भी उपेक्षा की गई, इसलिए भारतीय मजदूर संघ सरकार से यह मांग करता है कि औद्योगिक पेंशन की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए की जाए। इसी प्रकार ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए और इएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार रुपए से बढ़ाकर 42 हजार रुपए की जाए।

#### सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री पर लगाएं रोक

मजदूर नेता योगेशदत्त मिश्रा व नरेश कुमार साहू ने कहा कि सरकार सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक लगाए। स्कीम वर्कर्स आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मितानिन तथा मध्यान्ह भोजन कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा दी जाए। इसी प्रकार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के सामाजिक विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाए, इन्हीं सब मांगों को लेकर मजदूरों का प्रदर्शन स्थानीय जिला कार्यालय में 18 मार्च को किया जाएगा तथा जिलाधीश के माध्यम से देश के वित्त मंत्री को ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### युवा पीढ़ी में अपने बुजुर्गों के प्रति रखें सम्मान भाव

# छात्रों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग खेली होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई, बेस्ट प्रैक्टिस सेल, एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी वृद्धाश्रम में छात्रों द्वारा अवलोकन - भ्रमण किया गया। वृद्धजनों के बीच धूमधाम से हर्बलयुक्त रंगों से रंग-गुलाल खेलकर होली मनाया गया। बताशा की माला, हर्बल-गुलाल, फाग गीत से वृद्धजनों ने होली के रंग बिखेरे। महिलाओं व पुरूषों ने डांस कर भजन गाकर गुलाल लगाकर होली खेलकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि अवलोकन का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों के सामाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक एवं स्वास्थ्यगत स्थिति तथा जीवनचर्या के संबंध में चर्चा करना रहा। जिससे युवा पीढ़ी में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मानभाव विकसित हो सके। उनके चेहरे की मुस्कान देखकर समझ में आया कि विद्यार्थियों की उपस्थिति उन्हें पसंद आया। विद्यार्थियों के साथ वृद्धजनों ने हर्बल-गुलाल से होली खेली। अपने-अपने पारिवारिक जीवन के अनुभव तथा वृद्धश्रम के बारे में विचार साझा किया। आयोजन में प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, प्राध्यापकगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी तथा बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। छात्र प्रेरणा, श्रद्धा, वैशाली, गोपिका, गुंजन, राखी, निकिता, कंचन, रूपेश, काजल शर्मा, पायल, दिनेश, तेजेंद्र ने विभिन्न प्रकार के भजन एवं डांस प्रस्तुत किया।




#### वृद्धजन होते हैं बेहतर अनुभवी

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक होते हैं। जीवन की कई कठिनाइयों को बेहतर तरीके से दूर करने उनसे अनुभव मिलता है। वृद्धश्रम में उनके बीच कई जीवन की सच्चाई सामने आई है, प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उम्र का यह पड़ाव अवश्य आता है। छात्रों द्वारा दैनिक उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वृद्धजनों के साथ विभिन्न प्रकार की मनोरंजनात्मक गतिविधि भजन, कीर्तन, डांस, गायन छत्तीसगढ़ी डांस, राम, कृष्ण के अनमोल भजन की प्रस्तुति की गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने कहा कि वृद्धाश्रम का अवलोकन करना एक सराहनीय पहल राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने किया है। ऐसी वृद्धजनों के बीच जाना, जो अपने ही घर में आज बेगाने की जिंदगी जी रहे हैं। ऐसी पीढ़ी का आगे निर्माण ना हो, उसे संवेदना एवं पारिवारिक भाव विद्यार्थियों में जागृत हो, यह इस अवलोकन भ्रमण से संभव हो सकेगा। यह समाज के सामाजिक बुराइयों को भी उजागर करता है। उपस्थित बुजुर्गों का सम्मान तिलक लगाकर किया गया। उन्हें दैनिक उपयोगी आवश्यक सामग्री का वितरण छात्रों द्वारा किया गया।

### शिव पुराण कथा 31 से

**पटेवा।** पटेवा के बाजार चौक में आगामी 31 मार्च से 4 अप्रैल तक शिव महापुराण कथा का आयोजन भुवन लाल साहू एवं कृपाराम साहू द्वारा किया गया है। कथावाचक पं दिग्विजय शर्मा अरजकुंड होंगे। कार्यक्रम के तहत आगामी 31 मार्च को स्थापना, कलश यात्रा, महात्म्य कथा, एक अप्रेल को शिलनिधि, नारद मोह, भस्म प्रकार, 2 को श्रृष्टि वर्णन, शिव पार्वती विवाह, 3 को तारका वध, शालिग्राम कथा एवं 4 अप्रैल को द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन बताया जाएगा। समापन पश्चात सरपंच लक्ष्मीरवि वर्मा द्वारा भंडारा रखा गया है। कथावाचन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगा।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### वन्य प्रणियों के संरक्षण पर जोर

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के संरक्षण में वन्यजीवों के महत्व एवं संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता करने विश्व वन्यजीव दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ ने कहा कि वन्यजीवों की जीवन एवं पर्यावरण में अहम भूमिका निभाते हैं। शेर, हाथी, बाघ, हिरन, सांप, भालू, गिद्ध आदि वन्यजीव प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वन्यजीवों की गतिविधियों से मौसम एवं जलवायु की जानकार मिलती है। संजय देवांगन ने बताया कि जंगल और वन्यप्राणियों का अटूट रिश्ता है। वन है तो वन्यप्राणी हैं और वन्यप्राणियों से ही वन हैं। विकास एवं शहरीकरण की अंधी होड़ के चलते जंगलों, पहाड़ों का विनाश हो रहा है जिससे वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। कार्यक्रम का संचालन महेश साहू और पूजा देवांगन ने किया। इस मौके पर डॉ नवीन राजपूत, डॉ कमलेश चेलक, रविप्रकाश चतुर्वेदी,नेमू साहू, हिरेंद्र साहू,भारती साहू, मोनिका सिन्हा, मासूम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सम्मेलन में समस्याओं पर विचार

**डोंगरगढ़।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने डोंगरगढ़ तहसील समिति के तत्वावधान में विषेश सम्मेलन का आयोजन मां बम्लेश्वरी प्रागंण में किया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष एच सुरेश चंद्रागिरि शामिल हुए। सम्मेलन में प्रदीप कुमार, बिरेन्द्र नामदेव, डीके वर्मा, जेपी मिश्रा, अनिल गोस्वामी, जीएस दसमेष, आइसी श्रीवास्तव, केएस ठाकुर आदि ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोंगो को 20 प्रतिषत से अधिक लाभ दिलाने में सहयोग करने, छत्तीसगढ़ अधिनियम की पूर्व धारा के विलोपन एवं पेंशनरो के भुगतान में आने वाली कठिनाईयों को खत्म करने पर चर्चा किया। इस मौके पर अतिथियों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकरियों का सम्मान किया गया। सम्मेलन में डीके पांडेय, अश्वनी नायक, एसएल बोरकर, डीआर मानिकपुरी, मो इकबाल खान, लालचंद खोबरागडे, अंबिका नंदेश्वर, एएस ब्राम्हणकर , दिनेश यादव, एनएस राणा, अहिमन कैवर्त, केपी शिंदे सहित अन्य शामिल हुए।

## विस्तृत अध्ययन से वन्य जीव समृद्ध संपदा को किया उजागर

# समृद्ध जैव विविधता का अनूठा संसार रचा बसा है खैरागढ़ के जंगलों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में डोंगरगढ़ और खैरागढ़ नाम के ये दोनों गढ़ केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए भी जाने जाते हैं। यहां के जंगलों में अनगिनत दुर्लभ और संरक्षित वन्य प्रजातियों का बसेरा है। पक्षियों की यहां 290 प्रजातियां पाई जाती हैं।

हाल ही में हुए एक विस्तृत अध्ययन ने इस क्षेत्र की वन्य जीव समृद्ध संपदा को उजागर किया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि यदि सही दिशा में प्रयास किया जाएं, तो यह इलाका जैव विविधता संरक्षण का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। हाल ही में एम्बियंट साइंस नामक वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित एक शोध में यहां की अद्भुत जैव विविधता देखने को मिली है। इस अध्ययन में कुल 35 स्तनधारी प्रजातियों की पहचान की गई जिनमें कई दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियां शामिल हैं। बाघ, तेंदुआ और भारतीय पैंगोलिन जैसे वन्यजीवों की मौजूदगी खैरागढ़ और डोंगरगढ़ के जंगलों में दर्ज की गई है, जबकि खतरों में शामिल कुछ प्रजातियां जैसे भालू और चौसिंघा यहां नियमित रूप से मिल जाते हैं।

## जैव विविधता संरक्षण का बन सकता है केन्द्र

### 2020 से मौजूद है बाघ

अध्ययन के दौरान कई ऐसे रोमांचक क्षण आए जब शोधकर्ताओं ने दुर्लभ जीवों की गतिविधियों को नजदीक से देखा। प्रकृति शोध व संरक्षण वेलफेयर सोसायटी के प्रतीक ठाकुर और डॉ दानेश सिन्हा के साथ छत्तीसगढ़ के मशहूर ऑर्निथोलॉजिस्ट एएमके भरोस और पक्षीप्रेमी और वर्तमान में सीईओ जिला पंचायत कोंडागांव में पदस्थ अविनाश भोई शोध में शामिल रहे। जिन्होने बताया यहां के जंगलों में बाघों की उपस्थिति के प्रमाण 2020 से आज तक मिल रहा हैं। उन्होंने बाघ के यहां स्थाई निवास का दावा करते हुए कहा कि इस पर गहन अध्ययन की जरूरत है। इलाके की वन्यजीव संपदा को अद्भुत लेकिन उतनी ही चुनौतियों से घिरी बताते हुए कहा कि जंगलों का कटाव, खेती का बढ़ता दायरा और अवैध शिकार जैसी समस्याएं इन जीवों के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही हैं। स्लॉथ बियर, पेंगोलिन, हिरण और तेंदुए जैसी प्रजातियों के साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों के बीच कई अंधविश्वास भी प्रचलित हैं, जिसके कारण कई बार वन्यजीवों का शिकार किया जाता है। उदाहरण के लिए पैंगोलिन की स्केल और तेंदुए के दांत और नाखूनों की तस्करी बढ़ती जा रही है जिससे इनकी आबादी खतरे में पड़ गई है।

### वाजिब प्रयास की जरूरत

यहां का जंगल कान्हा नेशनल पार्क, भोरमदेव अभ्यारण्य और नवेगांव टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है ऐसे में इस विशाल वन क्षेत्र और समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने से मध्यभारत में चल रहे वन्य जीव संरक्षण कार्य को बल मिल सकता है। मां बम्लेश्वरी माता के नाम से डोंगरगढ़ और एशिया का एकमात्र संगीत कला को समर्पित विवि होने के कारण खैरागढ़ पहले से ही पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात हैं अगर यहां के जंगलों को संरक्षित कर सामुदायिक संरक्षण रिजर्व घोषित किया जाए तो पर्यटन का और भी अधिक महत्व बढ़ जाएगा। इससे न केवल वन्यजीवों को सुरक्षित आवास मिलेगा बल्कि स्थानीय समुदायों को भी इनके संरक्षण में शामिल किया जा सकेगा। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण मिलकर काम करें, तो यह क्षेत्र प्रदेश का एक प्रमुख वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र बन सकता है। डोंगरगढ़ और खैरागढ़ की इन हरी-भरी वादियों में अब भी उम्मीद बाकी है कि यदि समय रहते ठोस कदम उठाया जाएं तो यह इलाका आने वाली पीढ़ियों के लिए यह समृद्ध जैव विविधता वाले धरोहर के रूप में सुरक्षित रह सकता है।

# शांति समिति की बैठक में दिए जरूरी निर्देश



■ बैठक में जनप्रतिनिधि और पुलिस कर्मी हुए उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई पुलिस थाना में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्योहारों और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, एसडीओपी आशा रानी, भिगेश यादव, बांकेलाल वर्मा, जीवनदास रात्रे, लियाकत अली, प्रदीप जायसवाल, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, राकेश निषाद, मनीष सोनी सहित कई जनप्रतिनिधि और पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों ने आगामी त्योहारों के दौरान शांति और सदभाव बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से एक साथ कर त्योहार मनाने और अफवाह से बचने की अपील की। अधिकारियों ने यह भी कहा कि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस त्योहारों के दौरान सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करेगी। पुलिस गश्त बढ़ाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा।

# अमलीडीह कला में विदाई समारोह सहित नवनिर्वाचितों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमलीडीह कला में विदाई समारोह सहित क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन बाद शाला स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, जनपद सदस्य किरण विक्रम मानिकपुरी, सरपंच रूपेंद्र वर्मा, उप सरपंच युवराज वर्मा के अलावा पूर्व जनपद सदस्य द्रौपती वर्मा को श्रीफल, शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा आठवीं के होनहार विद्यार्थियों का सभी अतिथियों ने अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि जिपं सदस्य दिनेश वर्मा ने कहा कि विद्यालय एक मंदिर है। शिक्षा रूपी ज्योति मानव जीवन में रोशनी करती है। उन्होंने शिक्षकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आपकी मेहनत से ही बच्चे पढ़-लिखकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय में नियमित रूप से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया। सरपंच रूपेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को ध्यानपूर्वक पढ़ाई करने और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने मार्गदर्शन दिया। जनपद सदस्य किरण विक्रम मानिकपुरी व द्रौपती वर्मा ने छात्रों को अपनी छिपी प्रतिभा पहचानने का आह्वान किया। प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन ने कहा कि शिक्षा से मनुष्य की सोच और समझ विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढने की सलाह दी। अतिथियों द्वारा बच्चों को चॉकलेट पेन कॉपी गिफ्ट दिया गया। इस दौरान राजकुमार वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, विक्रम मानिकपुरी, मीना वर्मा, कृष्ण प्रसाद वर्मा सहित बडी संख्या मे ग्रामवासी मौजूद थे। संचालन तेजराम वर्मा व आभार प्रदर्शन प्रपा रुपेश कुमार देवांगन ने किया।

# चलित लाइन में काम से अनभिज्ञ को चढ़ाया पोल में, गिरने से हुई थी मौत

■ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते साल 25 मई को कोर्ट परिसर के सामने ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के दौरान एलटी लाइन चालू रहने से जंगल गातापार थाना क्षेत्रांतर्गत सिवनी निवासी संतोष पिता कांशीराम मंडावी 26 साल का युवक करेंट का झटका लगने से पोल से नीचे गिर गया। जिसकी अस्पताल पहुँचने तक मौत हो गई थी मामले मे 9 महीने बाद पुलिस ने युवक की मौत के जिम्मेदार एई, जेई और ठेकेदार के सुपरवाईजर के खिलाफ 304 मे मामला दर्ज किया है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियो व संतोष के साथ काम करने वालो ने बताया कि मौके पर मौजूद एई संदीप सोनी के निर्देश पर ठेकेदार एसडी शर्मा के पास काम करने वाला ठेका श्रमिक संतोष पोल शिफ्टिंग के काम मे सुबह दस बजे के आसपास साथियो साथ लगा हुआ था। मौके पर मौजूद अधिकारियो ने शिफ्टिंग के दौरान कालेज फीडर वाली इलेवन केवी लाइन बंद कर दी लेकिन गौरव पथ की तरफ जाने वाली एलटी लाइन को बंद नही किया। काम के दौरान संतोष का हाथ एलटी लाइन से टकराया और तेज झटके से वो लगभग चालीस फीट ऊंचे खंभे से नीचे गिर गया। एई संदीप सोनी सहित अन्य उसे कोई मूमेंट नही होने पर अस्पताल लेकर गए जहॉ बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने उसकी मौत की पुष्टि की।

### लाइन के जानकारों को भेजा डाली काटने

मामले को लेकर प्रत्यक्षदर्शियो का कहना है कि युवक की मौत बिजली कंपनी के अधिकारियो की लापरवाही के चलते हुई है। कंपनी के नियमानुसार उक्त ठेका कंपनी को नए पोल लगाने और लाइन खींचने का काम मिला है लेकिन एई संदीप सोनी ने शेड्यूल मे काम करने वाले लाइन स्टाफ को जो शहर मे बिखरे फैले बिजली लाइन के ज्यादा जानकार है उन्हे कालेज रोड पर पेड़ की डाली काटने भेज दिया और चलित लाइन मे काम से अनजान संतोष मंडावी को अपनी मौजूदगी मे शिफ्टिंग के काम मे लगा दिया। उस समय किसी ने इस बात पर ध्यान नही दिया कि ट्रांसफार्मर से सटे पोल से इलेवन केवी के अलावा एलटी लाइन भी गई है। इलेवन केवी को बंद कराने के बाद एलटी लाइन चालू थी जिसके झटके से 26 साल के युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बाद मे पता चला कि कोर्ट परिसर के सामने गायत्री नगर तिराहे पर मौजूद ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग के लिए बिजली कंपनी ने उपभोक्ता को लगभग सवा तीन लाख रूपयो का डिंमाड इस्टीमेट बनाकर भेजा था। कंपनी के नियमानुसार उपभोक्ता को पहले निर्धारित राशि कंपनी मे जमा करना होता है उसके बाद कंपनी निविदा जारी करती जिसके बाद निविदाकर्ता द्वारा काम किया जाता। कंपनी मे सारी कारवाई आनलाईन संपादित होती है लेकिन युवक के मौत तक किसी भी कार्य एजेंसी को निविदा जारी नही हुआ था लेकिन एई संदीप सोनी ने आनन फानन मे कंपनी के परमानेंट कर्मचारियो की जगह अप्रशिक्षित मजदूरो को जोखिम से भरे काम पर लगा दिया जिसके चलते इतना बड़ा हादसा हुआ और दो साल पहले शादी के बंधन मे बंधने वाले संतोष मंडावी की दुखद मौत हो गई।

### एई को बताया था मौत का जिम्मेदार

बिजली कंपनी के अधिकारियो की लापरवाही से गरीब आदिवासी परिवार के एकमात्र कमाऊ पूत की दर्दनाक मौत से नाराज गोंडवाना स्टुडेंट्स यूनियन ने मरच्यूरी से शव ले जाने से इंकार कर दिया जिसके बाद थाने मे आवेदन देकर मामले मे जिम्मेदार एई संदीप सोनी और एक अन्य के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। यूनियन सदस्यो ने इसे अधिकारियो की घोर लापरवाही बताते हुए कहा कि एई संदीप सोनी ही संतोष मंडावी की मौत के जिम्मेदार है क्योकि उनकी मौजूदगी मे ही बिना निविदा के अप्रशिक्षितो से काम कराया जा रहा था। लाइन चालू थी और पोल पर बिना सुरक्षा उपकरण दिए शिफ्टिंग काम मे लगा दिया। यूनियन के आवेदन पर एसडीओपी लालचंद मोहले ने उन्हे आश्वस्त किया था कि विवेचना मे जिसकी भी लापरवाही साबित होगी उसके खिलाफ कारवाई होगी। मामले मे बिजली कंपनी मे प्रथमदृष्टया कारवाई करते हुए एई को निलंबित कर मोहला भेज दिया था। हालाकि बाद मे कंपनी की जॉच मे अधिकारियो ने एक दूसरे पर मौत का ठीकरा फोडने का पूरा प्रयास किया और मौत को हादसा बताने की पूरी कोशिश की लेकिन पुलिस विवेचना मे उनकी एक नही चली और आखिरकार मामले मे एई, जेई और गैंग लीडर के खिलाफ थाने मे गंभीर धाराओ मे मामला दर्ज हो गया है।

# मोर्चा ने किया मातृशक्तियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित कार्यक्रम में महिला पुलिस कर्मी, बुजुर्ग महिलाएं और स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया।

सारस्वत भवन में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व विधायक संजीव शाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू थी। अतिथियों को महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत आदि ने भगवान राधाकृष्ण का चित्र भेंट किया। इस मौके पर श्रीमती सारस्वत ने बताया कि मातृशक्तियों को प्रोत्साहित करने का यह विशेष अवसर है। बदलते दौर में महिलाओं ने अपने कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां संभाल रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि महिलाएं विकासशील और सभ्य समाज की नींव हैं। भाजपा की विचारधारा महिलाओं को आगे लाने की रही है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण वह स्वयं हूं। पूर्व विधायक संजीव शाह ने कहा कि हमारी संस्कृति में मातृशक्तियों का सम्मान सबसे ऊंचा है। इस दौरान पूर्व जिपं अध्यक्ष गीता साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर दिलीप वर्मा, नेहरु रजक, रेखा कोठारी, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंघी, पवन गुप्ता, आशीष द्विवेदी, मोहन जैन, उमाकांत बाजपेयी, संगीता मिश्रा, गौरीशंकर यादव, चंदन उपाध्याय, अवधेश त्रिपाठी, उषा यादव, कविता यादव, कुंजलता हरमुख, कल्पना नंदा मेश्राम, रेखा गोस्वामी, लक्ष्मी, पायल, सीमा तीजन, योगमाया साहू, चेतना शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

0 राजनांदगांव। मौसम परिवर्तन के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। जिसके चलते लोग हलाकान है। नगर निगम द्वारा पर्याप्त दवाई छिड़काव करने की मांग की जा रही है।

# मॉर्निंग क्लब स्टेट स्कूल के प्रिंस अध्यक्ष व राजू बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्थानीय स्टेट हाईस्कूल प्रांगण में मंगलवार को मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया व सचिव राजू रंगारी व कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र देवांगन का माला पहनाकर, गुलाल लगाकर व फटाखे फोड़कर स्वागत किया गया। गौरतलब है कि मॉर्निंग क्लब स्टेट स्कूल के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को भदौरिया चौक में ऑफिस में बैठक रखी गई। सालाना बैठक का मुख्य उद्देश्य नए कार्यकारिणी का गठन करना था। गौरतलब है कि क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान गत दिनों ही अपना इस्तीफा संरक्षकों को सौंपा था, तब से ही अध्यक्ष का पद रिक्त था।

चूंकि एक नियम के तहत ही अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारी का मनोनयन होता है। इसी क्रम में वर्तमान अध्यक्ष का कार्यकाल भी तीन वर्ष का भी समाप्त हो चुका था और इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी 3 वर्ष पूर्ण हो चुका है। जिसमें सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य समस्त पद आते हैं। यह पद भी स्वतः समाप्त हो जाते हैं, इन्हीं पदों पर गठन संबंधी विषय पर बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें नई बॉडी का गठन किया गया। मॉर्निंग के सभी सदस्यगण व मॉर्निंग क्लब के संरक्षकों व भूतपूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान की उपस्थिति में सर्व सम्मति से प्रिंस भाटिया को अध्यक्ष व राजू रंगारी को सचिव बनाया गया। साथ ही शैलेन्द्र देवांगन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अध्यक्ष व सचिव के चयन पर संरक्षकों ने कहा कि प्रिन्स भाटिया व राजू रंगारी खेल में एक जाना पहचाना नाम है। इनकी शहर के साथ-साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर भी एक अलग पहचान है। इनके अनुभव का फायदा निश्चित ही क्लब को मिलेगा व मॉर्निंग क्लब नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर संरक्षक के रूप में दीपक डागा, फिरोज अंसारी, एमटी भद्र, अजय मेश्राम, अश्वनी राजपूत, मदन यादव, मदन राठी, घनश्याम वाधवानी, रोबिन गोटलिब, चेतन वर्मा, सत्तू सिन्हा, अरूण श्रीवास्तव, राजा रहीम, सदस्य दीपक वर्मा, मनीष झा, सोनू परिहार, विष्णु सिन्हा, ऋषि देवांगन, कुलदीप कुरंजेकर, राहुल देवांगन, जीतू डेकाटे, विक्रम सिंह, सन्नी यादव, बादल यादव आदि उपस्थित थे।

## सांसद, विधायक, मेयर आदि हुए शामिल

# भागवत कथा का श्रद्धालुओं ने किया रसपान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

पूर्व विधायक कोमल जंघेल और उनके परिजनों में अपने गृह ग्राम घिरघोली में माता पिता लखन लाल, रूखमणी जंघेल की स्मृति में श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया है कथावाचक चित्रकूट के पं. भरत महाराज थे। मंगलवार को अनुष्ठान पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन के दौरान पं भरत ने बताया कि भागवत कथा अमृत से कम नही है। इस अमृत को पीने का जब भी अवसर मिले अवश्य पीना चाहिए। ईश्वर प्राप्ति का मार्ग बताते हुए कहा कि अगर कर्म अच्छा है, तो मनुष्य कुछ भी हासिल कर सकता है।

### जनप्रतिनिधियों ने किया रसपान

भागवत कथा का रसपान करने हजारों लोग पहुंचे। वही जनप्रतिनिधि ने भी कथा में अपनी मौजूदगी दर्ज कराया जिसमें सांसद संतोष पांडे, मेयर मधुसुदन यादव, अशोक शर्मा, सियाराम साहू, सचिन बघेल, विधायक ईश्वर साहू, रागढ़ यशोदा वर्मा, भरत वर्मा, कमलेश्वर वर्मा, दिनेश गांधी, शशिकांत द्विवेदी, संतोष अग्रवाल, गिरिजा चंद्राकर, मूलचंद वर्मा, उत्तम वर्मा, खम्हन ताम्रकार, ललित चोपडा, जितेन्द्र साहू, हरप्रसाद वर्मा, नंद चंदेल, राजेश्वर राजपुत, नारद वर्मा, प्रेम नारायण चंद्राकर, पुरन जंघेल, रामधार रजक, शशांक ताम्रकार, राजलक्ष्मी पंसारी, नीलिमा गोस्वामी, नरेश कुर्रे, चंद्रशेखर यादव, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, डेरालाल मसकरे, शिवेंद्र किशोर दास वैष्णव, चैनदास वर्मा, दशमत जंघेल, स्वरुप वर्मा, ईश्वरी वर्मा, मोतीलाल जंघेल, शत्रुहन साहू, संजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, मंगल जैन, आंनद पटेल, ललित सोनी, परासर ठाकरे, संतोष ठाकुर, अरविंद शर्मा, नवनीत जैन, प्रकाश जंघेल, दिवाकर सोनी, रेखचंद जैन, बलदाऊ जंघेल, भागवत शरण, नेतराम जंघेल, दिलीप चंदेल, अवध चंदेल, महावीर जैन, प्रदीप श्रीवास्तव, जयनेन्द्र वर्मा, राजू वैष्णव, भरत वर्मा, खेमचंद जैन, लूनकरण साहू, विक्रांत चंद्राकर, किसन सिलोटियाआदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# फाग में पलांदुर-खडगांव मंडली प्रथम




**पटेवा।** पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 35 फाग टीमों ने भाग लिया। झांकी वर्ग प्रथम शीतला के अचरा नंदगईया फाग झांकी मंडली पलादुर, द्वितीय दास विलास जय अम्बे फाग एवं झांकी मंडली मुढिया मोहारा, तृतीय जय सहोदर बाबा नरसिंग नाथ झांकी एवं फाग मंडली अण्डा, चतुर्थ जय मां त्रिपुर सुंदरी राधाकृष्णन फाग मंडली परेवाडीह, पंचम पुरस्कार मां शीतला पूरन फाग परिवार बड़े टेमरी ने प्राप्त किया।

रचना वर्ग में प्रथम गूंजा मानस फाग समिति खड़गांव, द्वितीय लोक रागिनी फाग मंडली दैहान, तृतीय जय शीतला परमानंद फाग मंडली किरगी, चतुर्थ मनमोहना फाग परिवार सलौनी, पंचम सुर सरोजनी फाग मंडली शंकरपुर राजनांदगांव रही। स्पर्धा का समापन जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले के आतिथ्य और लक्ष्मी वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। विशेष अतिथि शांति निर्मलकर, प्रमोद दुबे, बहुरसिंह साहू, योगेश साहू, फागू लहरे थे। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शीतला मंदिर प्रांगण में मंच निर्माण के लिए 3 लाख देने की घोषणा की। निर्णायक हिरदे साहू, कोमल वर्मा, बैजु साहू, सुखीराम साहू थे। संचालन रामदिल वर्मा, रोहित निर्मलकर थे। इस मौके पर चन्द्रकांत देवांगन, भुपेंद्र देवांगन, चिंतामणि साहू, हरिराम साहू, ज्ञानेश्वर निर्मल, हरिराम साहू, दिलीप ढीमर, तुषार देवांगन, ललित ढीमर, नारायण ढीमर,सेवक साहू, सेवक देवांगन, जगन वर्मा, कन्हैया वर्मा, रेखा वर्मा, मनमोहन, नरेश, संतोष, भुजेन्द देवांगन, फागूराम ढीमर, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## सार समाचार

### पिनकापार में आठवीं के छात्र-छात्राओं की विदाई

**जेवरतला रोड़।** शासकीय बालक माध्यमिक शाला पिनकापार में कक्षा 6वीं एवं 7वीं के छात्रों द्वारा कक्षा आठवीं के छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें संस्था के प्रधान पाठक डीएस कौमार्य, आरएस देवांगन, सुखदेव मैडम, बालक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एसएल सोनकर, डीके सोनकर, कन्या माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक नुनहरे सर उपस्थित रहे, जिन्होंने आशीष वचन के रूप में बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।



### सांगिनकछार स्कूल में 8वीं के बच्चों को दी विदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांगिनकछार में कक्षा 6वीं और 7वीं कक्षा द्वारा कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पदमनी साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केकती साहू, लता भारती, भेखराम मंडावी, घनाराम पटेल उपस्थित थे। प्रधान पाठक पदमनी साहू सहित शिक्षकों ने आठवीं के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत कर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया । विदाई समारोह में 8वीं के विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा बच्चों का मुंह मीठा किया। इस अवसर पर कक्षा 8वीं के बच्चे खुशबू वर्मा व ईशु मनीष द्वारा अपने छोटे भाई-बहनों, 6वीं व 7वीं के बच्चों को स्नेह प्रदान किया।



### यातायात नियमों का उल्लंघन, पुलिस की कार्रवाई तेज

**राजनांदगांव।** होली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस ने यातायात नियमों के खिलाफ वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत मॉडिफाई साइलेंसर वाले 2 बुलेट, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 6 वाहन चालकों, बिना हेलमेट 92 दुपहिया चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर यातायात पुलिस रक्षित निरीक्षक अरविंद साहू, निरीक्षक अजय कुमार खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें बिना हेलमेट वाहन चालकों पर कार्रवाई कर सदैव हेलमेट पहनने समझाईश देकर निःशुल्क हेलमेट वितरण किया गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 6 वाहन चालकों मोहित कुमार निवासी शिकारीटोला, नितेश कुमार निवासी खैरझिटी, राजेश निवासी गौरीनगर, सुमीत कोर्राम निवासी ठेलकाडीह, मुकेश जांगड़े निवासी कांकेतरा, नरेन्द्र साहू निवासी मोहबा पर मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई किया। इसी तरह तेज गति से वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों पर कार्रवाई किया गया।



### दावा अपत्ति 24 मार्च तक

**राजनांदगांव।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन के विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण पश्चात पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रकाशित सूची के संबंध में 24 मार्च 2025 तक कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर संयुक्त जिला कार्यालय भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक 11 में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट व कोरियर के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले के वेबसाईट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई संयुक्त कलेक्ट्रेट राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को दी विदाई

**मुरमुंदा।** संकुल केन्द्र-उरईडबरी मे संकुल प्राचार्य श्रीमती राजकुमारी जैन संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार की अगुवाई मे संकुल परिवार की ओर से श्री पुरणलाल साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला- भरकाटोला को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर ससम्मान विदाई दी गई। साथ ही प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत श्रीमती टिकेश्वरी चन्द्रवंशी, श्री पंचराम साहू एवं अजय कुमार शर्मा को श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित इनायत अली बी.आर.सी सर ने अपने उद्बोधन मे सर के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए दीर्घायु एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनाए की। इस अवसर पर संकुल आश्रित हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाए एवं मेंढ़ा संकुल से विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे। अभिनंदन पुष्प का वाचन प्रमोधदास सिरदार संकुल समन्वयक द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन राजकुमारी जैन संकुल प्राचार्य के द्वारा किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन धनुष राम कंवर प्रधान पाठक भरूहाटोला द्वारा किया गया।



## भजन कीर्तन के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

# भक्तों के संग होली खेलने मंदिर से निकलेंगे भगवान राधा-कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में पिछले 33 वर्षों से रंगोत्सव का त्यौहार श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में नागरिकों की रंगोत्सव समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ भक्ति एवं श्रद्धापूर्ण मनाया जाता है। फागुन शुक्ल पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात चैत्र कृष्ण एकम को श्री सत्यनारायण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित अखंड ब्रम्हाण्ड नायक भगवान राधाकृष्ण स्वयं अपने भक्तों के साथ होली खेलने भव्य रथ पर सवार होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकलते फागुन महोत्सव का आनंद भक्तों को प्रदान करते हैं। इस वर्ष श्री सत्यनारायण मंदिर रंगोत्सव समिति ने 14 मार्च को रंगोत्सव मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। श्री रंगोत्सव समिति द्वारा भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा 14 मार्च को सुबह 09 बजे निकाली जाएगी। भगवान राधाकृष्ण युगल सरकार को मंदिर के गर्भगृह से रथ में विराजित किया जाएगा। इसके लिए समिति ने सांसद संतोष पांडे, नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को आमंत्रित किया है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने जानकारी दी कि मंदिर समिति वर्षों से हिंदू संस्कृति के विभिन्न त्यौहारों को सार्वजनिक रूप से मनाती आ रही है। यह आयोजन संस्कारधानी नगरी की गरिमा के अनुरूप मनाया जाता है। इस वर्ष 14 मार्च को 34वें रंगोत्सव का त्यौहार धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की गई है।





### शोभायात्रा मार्ग में होगा स्वागत सत्कार

शोभायात्रा के मार्ग में अनेक भक्तों द्वारा स्वप्रेरणा से अपने आराध्य भगवान राधाकृष्ण एवं उनके ग्वाल-बालों का स्वागत सत्कार ठंडाई, मिष्ठान, शीतलपेय, पेयजल, जलपान, फल इत्यादि से किया जाता है। इस वर्ष अनेक स्थानों पर रंगों के फुहारे से केसरिया रंग की बारिश किए जाने की तैयारियां की जा रही है। शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने सभी भक्तों की एकरूपता को ध्यान में रखते इस वर्ष भी सभी भक्तों के लिए दुपट्टे मंगाए गए हैं। रंगोत्सव समिति द्वारा मंदिर के समक्ष रथयात्रा प्रारंभ होने के समय उपस्थित सभी भक्तों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। शोभायात्रा की विशेषता यह होती है कि प्रत्येक भक्त केशरिया रंग में रंगा होता है। रंगोत्सव समिति ने आमजनों से आग्रह किया है कि शोभायात्रा में शामिल भक्तों के ऊपर लाल, गुलाबी एवं केशरिया रंगों व गुलाल का प्रयोग करें। काले रंग, तैलीय रंगों का प्रयोग वर्जित रहेगा।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल के अनुसार समिति की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रंगोत्सव पर नवीनता लिए भव्य रथ को तैयार किया जाएगा। रथ तैयार करने की जिम्मेदारी लक्ष्मण लोहिया को दी गई है।

संस्कारधानी के भजन मंडलियों एवं भजन गायको को इस अवसर पर फागुन के भजन गायन के लिए आमंत्रित किया गया है। संस्कारधानी की भजन मंडलियों व गायक कलाकारों से चर्चा कर सहमति प्राप्त की जा चुकी है। समिति ने श्रद्धालु भक्तों से शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। शोभायात्रा के मार्ग में माता-बहनें अपने घर के सामने भगवान का पूजन कर भगवान के साथ होली खेल सकती है।

### इन मार्गों से निकलेगी शोभायात्रा

श्री सत्यनारायण मंदिर रंगोत्सव समिति की ओर से जानकारी दी गई है कि रथ में भगवान राधाकृष्ण के विराजमान होने के पश्चात पूजा एवं आरती होगी तथा सुबह 9 बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो मंदिर कामठी लाइन से भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, गांधी चौक, गौशालापारा से तेलीपारा होते हुए महालक्ष्मी मंदिर, श्री रामदेव बाबा मंदिर से उदयाचल, पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर के सामने से गंज लाइन, महेश पथ, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए श्री श्याम मंदिर गली से वापस कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी।

### कसारी में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन



**डोंगरगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी बीपी एक्का के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ के अंतर्गत ग्राम कसारी में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें 45 मरीजों के आंखों की जांच, चश्मा एवं आंखों का प्रेशर दोनों मीटर द्वारा किया गया। 40 साल से अधिक लगभग 35 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। साथ ही तीन मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। स्कूली छात्र-छात्राओं को भी निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजेश रावतकर, डीके जैनबंधु, संजय निखड़े, सौरभ यादव, अंजुम वर्मा, रूपनारायण साहू एवं मितानिन व निर्मलकर हीरा वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### अंतिम पात्र-अपात्र व वरीयता सूची प्रकाशित

**राजनांदगांव।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदनों के दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम पात्र-अपात्र व वरीयता सूची जारी कर दी गई है। प्रकाशित अंतिम पात्र-अपात्र व वरीयता सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई संयुक्त कलेक्ट्रेट राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है। जिन पदों पर लिखित एवं कौशल परीक्षा अथवा साक्षात्कार लिया जाएगा, उन अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी।

# स्कूलों में मरम्मत कार्य करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने 16 जून शाला प्रवेश के पहले सभी स्कूलों में आवश्यक मरम्मत के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में आवश्यकतानुसार रंगरोगन, शौचालय, पेयजल, अतिरिक्त कक्ष जैसे कार्यों को निर्धारित समयावधि के पहले कार्य पूरा करने कहा।



उन्होंने सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र शाला प्रवेश के पहले बनाने के निर्देश दिए। जिससे बच्चों को स्कूल में दाखिला के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्कूलों को चिन्हांकित कर खेल गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की जिस खेल में रूचि है उसी खेल में बच्चों को आगे बढ़ाए, जिससे उनका भविष्य में उस खेल से कैरियर भी तैयार हो सके। स्कूलों में शारीरिक गतिविधि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में समय-समय में जानकारी लेते रहे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बहुत अच्छा समर कैम्प आयोजित किया गया था, इस वर्ष भी बहुत अच्छा समर कैम्प आयोजित होना चाहिए। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतिभाएं सामने आती है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। ऐसे बच्चों को विशेष रूप से ध्यान देते हुए उनकी गतिविधियों को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा।

बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम बहुत अच्छा आएगा। समर कैम्प में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों जैसे दुर्घटनाओं को रोकने, साइबर फ्रॉड रोकने, गांव को सुन्दर बनाने की दिशा में, पानी की कमी एवं जल सरंक्षण में प्रोजेक्ट बनाने के लिए दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधि, संस्कृति व सोशल गतिविधि होनी चाहिए जिससे व्यक्तित्व विकास होता है। बच्चों को पानी की कमी की समस्या व जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराएं। बच्चों को सामुदायिक गतिविधियों से भी जोडने कहा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने कहा कि चिन्हांकित स्कूलों में खेल के संबंध में जानकारी, ट्रेनिंग एवं शारीरिक गतिविधि कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल जिससे बच्चों का भविष्य में कैरियर बने ऐसे खेलों का चयन कर बच्चों को सिखाएं। उन्होंने बताया कि कुश्ती, व्हालीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, टेबल-टेनिस, हैण्डबॉल, फुटबॉल, एथलेट्क्सि, तीरंदाजी, कबड्डी जैसे खेलों को स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो उनके कैरियर बनाने में मददगार होगी।

इसके लिए प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संचालक आदित्य खरे, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहरे, एपीसी आदर्श वासनिक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, पीटीआई, शिक्षक उपस्थित थे।

# अपराधियों व हुडदंगियों पर कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** होली त्यौहार को ध्यान में रखते डोंगरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ दिया है। शहर में शांतिपूर्ण होली त्यौहार मनाने के लिए डोंगरगढ़ के आदतन अपराधियों व हुडदंगियों पर प्रभावी कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में अपराध के रोकथाम एवं होली त्यौहार में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने थाना क्षेत्र में अपनी टीम के साथ लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इस अभियान के तहत शहर में शांति भग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने के अंदेशा पर 3 आदतन बादमश के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई किए गए तीनों आदतन अपराधी हैं, जो हमेशा मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, चोरी जैसे आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। इसी प्रकार माननीय न्यायालय में विचाराधीन मामलों में लंबे समय से फरार थाना के 3 स्थाई वारंटी को पकड़कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।



### पकड़े गए स्थाई वारंटी

राहुल धुर्वे 20 साल निवासी भुरवाटोला, श्रवण कुशववाल 49 साल निवासी अटल आवास भुरवाटोला वार्ड नं. 20 डोंगरगढ़, कैलाश ग्वाला 32 साल निवासी खंडुपारा शामिल है।

### प्रतिबंधित किए गए आदतन बदमाश

उमेश पांडे 23 साल निवासी वार्ड नं. 02 दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़, सुमित घरडे 27 साल निवासी वार्ड नं. 20 भुरवाटोला डोंगरगढ़, प्रिंस निषाद 24 साल निवासी कश्मीरीपारा वार्ड नं. 24 लेड़ीजोब रोड डोंगरगढ़ शामिल हैं।

### होलिका वेदी की स्थापना, मध्य रात्रि में दहन

**डोंगरगढ़।** जयस्तंभ चौक स्थित राम मंदिर के समीप बरसो से चली आ रही परंपरा के अनुरूप होलिका वेदी की स्थापना विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। पं. त्रिलोक प्रसाद दुबे द्वारा खंड पूजा कराई गई। अनिल अग्रवाल एवं किशन अग्रवाल की उपस्थिति में पूजा के बाद होलिका खंड की स्थापना हुई। सेठपारा की मरवाडी समाज की महिलाओं ने स्थापित प्रहलाद और होलिका की पूजा कर गोबर के बने ओपले चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। पं. दुबे ने बताया कि मुहरत के अनुरूप रात्रि 11.45 के मिनट में किया जाएगा।






# खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली त्योहार के मद्देनजर शहर में खाद्य नियंत्रक एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल कर खाद्य सामग्रियों के सेंपल लिए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा दूध, पनीर, मिठाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर के अन्नपूर्णा डेयरी से पनीर, दूध, दुग्ध संकलन केन्द्र से दूध, डोंगरगांव के धरम किराना से सूजी, माहेश्वरी ट्रेडर्स से गुड़, हरि चना से इलायची दाना, शेखर जैन डेयरी से पनीर, खोआ, साई डेयरी से दही, महालक्ष्मी स्वीट्स से बुंदी लड्डू का सेम्पल लेकर गुण्वत्ता जांच के लिए लैब भेजा है।

### पनीर की विशेष जांच

इन दिनों नकली पनीर के काफी मामले सामने आ रहे हैं, जिसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के अन्नपूर्णा डेयरी से 45 किलो खुला पनीर संचालक की अभिरक्षा में रखा है।



### कई मामले न्यायालय में

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि पूर्व में जलाराम व स्वागतम होटल से अमानक पाए गए पनीर वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बिना पंजीयन के कारोबार करने वाले 10 लोगों पर प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें 7 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है तथा 7 प्रकरण आगामी न्यायालयीन प्रक्रिया हेतु विवेचनाधीन है, जिसे जल्द ही सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। वहीं चलित प्रयोगशाला से खाद्य सामग्री मौके पर जांच किए जा रहे हैं।

# सांसद की उपस्थिति में मनाया होली पर्व

**राजनांदगांव।** सांसद कार्यालय में आज हर्षोल्लास के साथ सांसद संतोष पांडे की उपस्थिति में होली पर्व मनाया गया। सांसद पांडे को अबीर-गुलाल लगाकर उनके समर्थकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संतोष पांडे ने प्रदेश एवं जिलेवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते कहा कि अधर्म पर धर्म का जीत का पर्व है, असत्य पर सत्य की जीत होती है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह उत्सव आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए, यही भगवान से कामना करता हूं। इस अवसर पर आर्यन साहू, आशुतोष सिंह, कुलदीपका देवांगन, अरविंद बैंद, लक्की सिन्हा, नीरज यूके, राजेंद्र जैन, रोहित यूके, सुभाष सिन्हा, दुर्जन निषाद, राकेश सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।








### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, कैजुअल्टी वार्ड विस्तार के दिए निर्देश

# जिला अस्पताल कवर्धा में आपातकालीन सुविधाओं का किया जाएगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अस्पताल कवर्धा में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को और अधिक सशक्त किया जाएगा, जिससे एक साथ कई मरीजों को त्वरित इलाज मिल सकेगा। जिला अस्पताल कवर्धा में आपातकालीन सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कल जीवनदीप समिति की बैठक में कैजुअल्टी वार्ड के विस्तार के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में अस्पताल की तत्परता को बढ़ाना और अधिक मरीजों को त्वरित चिकित्सा सेवा मिल सके। इसके अलावा बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। निरीक्षण में कवर्धा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, सीएमएचओ डॉ. बीएल राज, जीवनदीप समिति के सदस्य रामप्रसाद बघेल, राजेन्द्र सांखला, मोहन ठाकुर, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डीएस राजपुत सहित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वयं जिला अस्पताल का दौरा कर आपातकालीन कक्ष और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में कैजुअल्टी वार्ड के विस्तार के लिए कार्य योजना तैयार की जाए और जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। जीवनदीप समिति की बैठक में अस्पताल परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसमें बाउंड्री वॉल के अंदर पेवर ब्लॉक लगाने और परिसर के चारों ओर पौधे लगाने की योजना शामिल है। अस्पताल को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए उठाया गया है। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन में स्थापित जन औषधि केंद्र को बाहर परिसर में स्थानांतरित किए जाने के संबंध में स्थल चयन निर्माण और बजट चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान जन औषधि केंद्र को बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों के साथ-साथ आम जनता भी आसानी से सस्ती दवाएं प्राप्त कर सके। इस निर्णय से आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित सीसीएचबी स्थल चयन और निर्माण के संबंध में चर्चा तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को मुफ्त इंटरनेट सुविधा देने के लिए फ्री वाई-फाई जोन बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इससे मरीजों और उनके परिजनों को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा जिले में सीटी स्कैन सेवाएं प्रारंभ करने की घोषणा के अनुरूप निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके तहत, मशीन संचालन के लिए नवीन ट्रांसफार्मर और विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था पर चर्चा की गई। अस्पताल परिसर के चारों ओर वाहनों के सुचारू आवागमन हेतु बैरियर लगाने, सीसी रोड और डामरीकरण के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इस निर्णय से अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी।






### जीवनदीप समिति की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव किए गए पारित

बैठक में अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के लिए वेटिंग चेयर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, अस्पताल परिसर में हर्बल गार्डन विकसित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। अस्पताल को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मुख्यमंत्री रूपांतरण कोष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई। इनमें शामिल 2 लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड वॉटर स्टोरेज टैंक से अस्पताल को निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, नवीन ट्रांसफार्मर की स्थापना से अस्पताल की बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए, हाई मास्क लाइट की व्यवस्था जिससे रात के समय अस्पताल परिसर में प्रकाश की समुचित व्यवस्था और कोर्टयार्ड में वेटिंग हॉल का निर्माण से मरीजों और उनके परिजनों को बैठने की बेहतर सुविधा देने के संबंध में चर्चा की गई। ये सभी प्रयास मरीजों को त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से न केवल आपातकालीन सेवाओं में सुधार होगा बल्कि आम नागरिकों को भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## जिला पंचायत कबीरधाम में आयोजित हुआ प्रथम सम्मिलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन पूरा होने के बाद, जिले के सभी सदस्यों का प्रथम सम्मिलन जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित हुआ। इस अवसर पर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी और अन्य सदस्यों ने कार्यभार ग्रहण किया। प्रथम सम्मिलन की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने की। इस दौरान, जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने जिला पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों की जानकारी सभी सदस्यों को दी। सम्मिलन के दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे से नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद, जिला पंचायत विकास योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की योजना बनाई जानी है, जिसमें टाइड और अनटाइड फंड के तहत कार्य प्रस्तावित होंगे। टाइड फंड के अंतर्गत पेयजल और स्वच्छता से संबंधित कार्य किए जाएंगे, जबकि अनटाइड फंड में जिला पंचायत सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्यों का प्रस्ताव देंगे। इसके साथ ही प्रथम सम्मिलन में क्षेत्र क्रमांक 1 से श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 2 से श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 3 से राम कुमार भट्ट, क्षेत्र क्रमांक 4 से श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरें, क्षेत्र क्रमांक 5 से श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, क्षेत्र क्रमांक 6 से श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 7 से श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, क्षेत्र क्रमांक 8 से राजकुमार मेरावी, क्षेत्र क्रमांक 9 से श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, क्षेत्र क्रमांक 11 से वीरेंद्र कुमार साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे, क्षेत्र क्रमांक 13 से श्रीमती राजकुमारी राजेंद्र साहू ने भाग लिया। इस अवसर पर, उप संचालक पंचायत राज तिवारी, जिला पंचायत कबीरधाम के लेखा अधिकारी भानु प्रताप नेताम और अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ था, जिसमें जिले के सभी 14 क्षेत्रों से सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में मनाया गया होली महोत्सव

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बड़ी धूमधाम व हर्षो उल्लास के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा होली पर्व मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने एक दूसरे को जमकर रंग लगाकर होली मनाया और सभी शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया जिसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एल्विना विलसन संकुल समन्वयक राम सिंह साहू पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कपूर राम चंद्रवंशी, अशोक पांडे शिक्षक निर्मल कुमार पात्रे,कौशल खांडे, युगल साहू, देवकुमार साहू, रसोइया मोहित साहू, श्रीमती रजन साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय फाग एवं जस स्पर्धा 15 को

**लालबहादुर नगर।** जय मां शीतला फाग मंडली व श्री कृष्ण युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त संयोजन में 15 मार्च शनिवार को राज्य स्तरीय फाग एवं जस झांकी महोत्सव का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण लाल बहादुर नगर (पाथरी) में किया गया है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार महोत्सव में अंचल की विभिन्न समितियों के अलावा भिलाई, धमतरी, अंडा दुर्ग सहित अन्य समितियों को आमंत्रित किया गया है। संस्थापक उमेंद सिंह देवांगन, अध्यक्ष राजेश देवांगन, उपाध्यक्ष मनोहर सिन्हा, सचिव सुनील यदु, सहसचिव राहुल यदु, कोषाध्यक्ष भुपेन्द्र यदु सहित अन्य पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

### ओड़िसा सरकार ने दमयंती का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ओडिसा सरकार ने राजनांदगांव जिले की ग्राम खैरझिटी की श्रीमती दमयंती सोनी को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार ओडिसा में आयोजित माईनिंग एक्सपो कार्यक्रम में दमयंती सोनी शामिल हुई। दमयंती सोनी ने जेसीबी मशीन एवं अन्य भारी मशीनों को चलाकर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया।

## गन्ना किसानों से 20 लाख की धोखाधड़ी कर फरार आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने महाराष्ट्र से पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देर से ही सही पर छत्तीसगढ़ की जनता गन्ना किसानों से 20 लाख की धोखाधड़ी कर फरार आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार था, जिसे पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सतत प्रयासों से पकड़ा। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वही प्रार्थी रूपेश चंद्रवंशी पिता राजकुमार चंद्रवंशी आयु 39 वर्ष निवासी ग्राम रूसे, थाना पांडातराई, जिला कबीरधाम ने 04.03.2024 को थाना पांडातराई में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी ग्राम रूसे में गुड़ निर्माण की फैक्ट्रिय है। वर्ष 2023 में आरोपी ज्ञानप्रकाश गुप्ता, निवासी ककराला, थाना अलापुर, जिला बदायूं उत्तर प्रदेश ने फैक्ट्रिय किराए पर लेकर संचालन किया था। अनुबंध के अनुसार 4 लाख रुपये का भुगतान लंबित था, साथ ही 35 किसानों के 12,64,076 रुपये, फैक्ट्रिय में कार्यरत मजदूरों के 2,27,120 रुपये एवं फैक्ट्री के मैनेजर रमेश चंद्रवंशी के 90,000 रुपये, कुल 19,31,196 रुपये का भुगतान किए बिना आरोपी रातों रात फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह ने फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला अखिलेश कौशिक के निर्देशन में आरोपी की पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित की गई। नव पदस्थ थाना प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में टीम ने आरोपी की तकनीकी निगरानी और मुखबिर सूचना तंत्र को सक्रिय किया। लगातार कई राज्यों में तलाश के बाद यह सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी महाराष्ट्र के सांमली जिले में छिपा हुआ था। कबीरधाम पुलिस की टीम ने बिना समय गंवाए तासगांव, सांमली महाराष्ट्र में दबिश दी, जहां आरोपी को एक गुप्त ठिकाने से पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी बचने के लिए कई बहाने बनाता रहा, लेकिन पुलिस टीम की सतर्कता और पेशेवर रवैये के कारण वह भाग नहीं सका। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कबीरधाम लाया गया, जहां न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान, सहायक उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, सायबर सेल के सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी एवं आरक्षक शिवाकांत शर्मा का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों, किसानों एवं व्यापारियों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें। किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति अथवा लेन-देन की जानकारी नजदीकी पुलिस थाना में दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### भावना ने होली पर्व पर रंग, गुलाल, मिठाइयां और पिचकारी भेंट किया



**कवर्धा।** भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों द्वारा ग्राम सेमरहा के बच्चों के लिए होली पर्व के अवसर पर उपहार स्वरूप रंग, गुलाल, मिठाइयां और पिचकारी भेंट किया गया। बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता होती है कि एक छोटा सा प्रयास उन्हें इतनी खुशियां दे रही है। एक अभिभावक के रूप में उनके प्रति मेरी जो जिम्मेदारी है मैं उसे निभाने के लिए कटिबद्ध हूँ। मैं उन सभी बच्चों के हर सुख-दुख और पर्व-त्यौहारों में उनके साथ हूँ। सभी बच्चों को मेरी ओर से होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और ढेर सारा स्नेह।

## धूमधाम से मनाएं रंगों का होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हिन्दू संस्कृति के प्रमुख त्यौहार होली पर्व को सभी भक्त मिल-जुलकर धूमधाम से मनाएं। यह पर्व रंगों का पर्व है। होली का सीधा संबंध पिचकारी से भरे रंगों से होता है, बिना पानी के होली की कल्पना संभव नहीं है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के अनुसार होली पर रंग ना खेले, पानी बचावे, सुखी होली खेले, जैसे मैसेज पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न वाट्सएप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किए जा रहे हैं, जिसे हमारे ही अपने लोग बिना कुछ सोचे-समझे आगे फारवर्ड करने की होड़ में अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है, जो उचित नहीं है।

होली के दिन जी भरकर रंग खेले, जी भरकर पानी बहावे और अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे। हम वर्ष के 364 दिन पानी बचावे और एक दिन होली का पूरा आनंद उठावे। होली का त्यौहार गीले रंगों की फुहार का पर्व है। कुछ शरारती तत्व ऐसे त्यौहारों के अस्तित्व को समाप्त करने के उद्देश्य से उल-जलूल मैसेज भेजते है, ऐसे मैसेज को तुरंत डिलीट करें। ऐसे लोग जो 364 दिन या अन्य त्यौहारों पर पानी बचाने की बात नहीं करते और केवल होली या हिन्दू त्यौहारों पर पानी बचाने की बात करते हुए सूखी होली खेलने की सलाह देते है, उनका एवं उनके मैसेज का बहिष्कार करें, जो ऐसे मैसेज भेजते हैं, ऐसे लोगों के मैसेज तुरंत डिलीट कर दें। उसे कतई आगे ना भेजे।

## औद्योगिक पेंशन 5 हजार करने की मांग, भामसं करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई अपने राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत 18 मार्च को औद्योगिक पेंशन-95 की राशि 5 हजार रुपए मासिक बढ़ाने व अन्य मांगों को लेकर जिलाधीश कार्यालय में प्रदर्शन करेगी तथा भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजेगी।भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा व संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि 1 फरवरी 2025 को भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में जहां आयकर सीमा बढ़ाकर कर्मचारी जगत को राहत दी गई। वहीं डेयरी उद्योग, मत्स्य उद्योग, गिग वकर्स एवं लघु उद्योगों को भी राहत प्रदान की गई। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों को भी टीडीएस द्वारा राहत देकर उनका सम्मान किया गया। इतना ही नहीं, बल्कि कैंसर जैसी बीमारी की दवा को सस्ती कर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, किन्तु प्रस्तुत बजट में औद्योगिक पेंशन-95 के 75 लाख से अधिक पेंशनरों को कोई राहत नहीं दी गई। जिससे उनमें घोर निराशा व्याप्त है। महंगाई के युग में एक हजार रुपए मासिक पेंशन में जीवन निर्वाह करना असंभव है। इसी तरह स्कीम वर्कर जैसे आंगनबाड़ी, मितानिन, मध्यान्ह भोजन रसोईयों के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की भी उपेक्षा की गई, इसलिए भारतीय मजदूर संघ सरकार से यह मांग करता है कि औद्योगिक पेंशन की राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए की जाए।

### युवा पीढ़ी में अपने बुजुर्गों के प्रति रखें सम्मान भाव

# छात्रों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई, बेस्ट प्रैक्टिस सेल, एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी वृद्धाश्रम में छात्रों द्वारा अवलोकन - भ्रमण किया गया। वृद्धजनों के बीच धूमधाम से हर्बलयुक्त रंगों से रंग-गुलाल खेलकर होली मनाया गया। बताशा की माला, हर्बल-गुलाल, फाग गीत से वृद्धजनों ने होली के रंग बिखेरे। महिलाओं व पुरूषों ने डांस कर भजन गाकर गुलाल लगाकर होली खेलकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि अवलोकन का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों के सामाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक एवं स्वास्थ्यगत स्थिति तथा जीवनचर्या के संबंध में चर्चा करना रहा। जिससे युवा पीढ़ी में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मानभाव विकसित हो सके। उनके चेहरे की मुस्कान देखकर समझ में आया कि विद्यार्थियों की उपस्थिति उन्हें पसंद आया। विद्यार्थियों के साथ वृद्धजनों ने हर्बल-गुलाल से होली खेली। अपने-अपने पारिवारिक जीवन के अनुभव तथा वृद्धश्रम के बारे में विचार साझा किया। आयोजन में प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, प्राध्यापकगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी तथा बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। छात्र प्रेरणा, श्रद्धा, वैशाली, गोपिका, गुंजन, राखी, निकिता, कंचन, रूपेश, काजल शर्मा, पायल, दिनेश, तेजेंद्र ने विभिन्न प्रकार के भजन एवं डांस प्रस्तुत किया।




### वृद्धजन होते हैं बेहतर अनुभवी

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक होते हैं। जीवन की कई कठिनाइयों को बेहतर तरीके से दूर करने उनसे अनुभव मिलता है। वृद्धश्रम में उनके बीच कई जीवन की सच्चाई सामने आई है, प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उम्र का यह पड़ाव अवश्य आता है। छात्रों द्वारा दैनिक उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वृद्धजनों के साथ विभिन्न प्रकार की मनोरंजनात्मक गतिविधि भजन, कीर्तन, डांस, गायन छत्तीसगढ़ी डांस, राम, कृष्ण के अनमोल भजन की प्रस्तुति की गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल ने कहा कि वृद्धाश्रम का अवलोकन करना एक सराहनीय पहल राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने किया है। ऐसी वृद्धजनों के बीच जाना, जो अपने ही घर में आज बेगाने की जिंदगी जी रहे हैं। ऐसी पीढ़ी का आगे निर्माण ना हो, उसे संवेदना एवं पारिवारिक भाव विद्यार्थियों में जागृत हो, यह इस अवलोकन भ्रमण से संभव हो सकेगा। यह समाज के सामाजिक बुराइयों को भी उजागर करता है। उपस्थित बुजुर्गों का सम्मान तिलक लगाकर किया गया। उन्हें दैनिक उपयोगी आवश्यक सामग्री का वितरण छात्रों द्वारा किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

होली: महिला मोर्चा के साथ पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने खेली जमकर होली

# पंडरिया महिला मोर्चा ने धूमधाम से मनाया होली मिलन व फाग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, पंडरिया द्वारा बुधवार को सामुदायिक भवन परिसर, पंडरिया में होली मिलन एवं आग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं और सभी को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि आज भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा इस आयोजन के लिए मैं उनका हार्दिक अभिनंदन करती हूँ। होली का यह पर्व स्नेह, सद्भावना, एकता एवं भाईचारे का प्रतीक है मैं समस्त पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देती हूँ और आग्रह करती हूँ की अपनों के संग रंगों के इस पावन उत्सव को उमंग व उल्लास के साथ मनाएं। आज यहां उपस्थित सभी नारी शक्तियों को भी मैं बधाई देती हूँ कि जिस प्रकार आज महिलाएं गृहणी होने के साथ-साथ एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी अपने दायित्वों को पूरा कर रहीं हैं और सामाजिक समरसता व क्षेत्र के विकास में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा रहीं हैं। आज पंडरिया विधानसभा में महिलाएं भी अपने सामर्थ्य व कौशल से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे क्षेत्र का मान सम्मान बढा रहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए आज डबल इंजन भाजपा सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। ड्रोन दीदी योजना हो या महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। महिला सुपोषण, सुरक्षा, शिक्षा, सशक्तिकरण और प्रोत्साहन के लिए योजनाओं के माध्यम से आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लक्ष्य से भारतीय जनता पार्टी हर व्यक्ति एवं वर्ग के विकास, अधोसंरचना निर्माण एवं आमजनों के उत्थान के लिए अनवरत कार्य कर रही है। इन्ही जनहित व विकास कार्यों के प्रति जनता ने भाजपा पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई। नगरीय निकाय चुनाव से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं जीतकर आई हैं और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं। पंडरिया विधानसभा की समृद्धि और खुशहाली के लिए हमने जो संकल्प किये हैं उन्हें मूर्तरुप देने के लिए लगातार प्रयास कर रहें हैं। भावना दीदी की गारंटी में हमने जो संकल्प किये हैं उन संकल्पों को पूरा करते हुए अब हमर संकप पत्र एवं अटल संकल्प पत्र में किये गए संकल्प से पंडरिया विधानसभा का हर गाँव, शहर व न विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि होली का पर्व पूरे देश में धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व बुराई की अच्छाई पर जीत का पर्व है। यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है।

## होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्वः भावना




हमारे छत्तीसगढ़ में भी होली का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। होलिका दहन के दिन पूरे विधि विधान के साथ भक्त प्रहलाद की भक्ति और उनकी आस्था को एक उत्सव के रुप में मनाया जाता है। यह दिन हमें यह भी सिखलाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में अच्छाई, सच्चाई और विश्वास की हमेशा जीत होती है। इसलिए हमें भी होलिका दहन के साथ अपने नकारात्मक विचारों, बुराइयों को उसकी अग्नि में दहन कर अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलने का अनुसरण करना चाहिए। होली मिलन समारोह में महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष मधु तिवारी, नगर पालिका पंडरिया की नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंजुला देवी कुर्रे, नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष सरिता सोनी, इंदौरी नगर पंचायत अध्यक्ष मित्रीन बाई महंगी लाल मांडले, नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष नंदिनी साहू, पंडरिया मंडल अध्यक्ष अंजू शर्मा, जिला पंचायत सदस्य दीपा पप्पू धुर्वे, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 प्रत्याशी उत्तरा साहू सहित कबीरधाम जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# लोहारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन चौकी बड़ौदा खुर्द के जंगलों में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोहारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत वन चौकी बड़ौदा खुर्द के जंगलों में एक बार फिर भीषण आग भड़क उठी है। जिससे न सिर्फ अनगिनत छोटे-छोटे पौधे जलकर खाक हो गए, बल्कि वन्य जीव-जंतुओं की जान पर भी खतरा मंडराने लगा है। गौरतलब है कि वन विभाग की घोर लापरवाही के चलते जंगलों में बार-बार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद भी वन अमला मौके पर समय पर नहीं पहुंचा, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। जंगल में मौजूद सागौन जैसे कीमती वृक्षों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह पहली बार नहीं है जब इस जंगल में आग लगी हो। इससे पहले भी हर साल ऐसी घटनाएं होती हैं, लेकिन हर बार वन विभाग मूकदर्शक बना रहता है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो न केवल छोटे-छोटे जीव-जंतु आग की चपेट में आ सकते हैं, बल्कि बड़े वन्यजीव भी अपने आवासीय जंगलों को छोड़ इंसानी बस्तियों में घुसने पर मजबूर हो सकते हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भी इजाफा होने की आशंका है। क्षेत्रवासियों कि माने तो यदि वन विभाग समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं करता, तो जंगल का पूरा इकोसिस्टम खतरे में पड़ सकता है। वन्यजीव संरक्षण के दावों के बावजूद अधिकारियों की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है। आखिर कब तक प्रशासन यूं ही आग मूक दर्शक बना बैठा रहेगा।

## खबर संक्षेप

### प्रदूषण जांचने होगी वाहनो की जांच

**कवर्धा।** पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राज्य में अब पेट्रोल पंपों पर वाहनों की प्रदूषण जांच के सेंटर (पीयूसी) स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए पेट्रोलियम कम्पनियों ने अपनी सहमति दे दी दी है। पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित होने से वाहन चालकों को पीयूसी प्रमाण पत्र बनवाने में आसानी होगी। यह निर्णय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) व केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

### प्रतियोगिता का परिणाम 16 को होगा घोषित

**कवर्धा।** रोड टू गेम जैम भारत के गेम डेवलपर्स के लिए अपनी रचनात्मकता व नवाचार को प्रदर्शित करने का एक अवसर दिया गया है। इसका आयोजन केजीईएन के सहयोग से गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जीडीएआई) ने किया है। इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 16 फरवरी तक चला, जिसमें गेम डेवलपमेंट से जुड़े 5 हजार 569 लोगों ने साइन अप किया है।

## निधन

### जोधराम चंद्रवंशी



कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी निवासी सेवा निवृत्त रीडर कलेक्ट्रेट बिलासपुर जोधराम चंद्रवंशी, का गत दिनो आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार कांशी में किया गया।

# कवर्धा सहित अंचल में विधि विधान से किया गया होलिका हदन

## होली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आपसी प्रेम, सद्भाव का सांस्कृतिक पर्व होली हर बार की तरह इस बार भी कवर्धा नगर सहित पूरे अंचल में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पंचाग के मुताबिक होलिका दहन 13 मार्च को कर 14 मार्च को धुरैड़ी मनाई जाएगी। लोगों ने 13 मार्च को विधि विधान से पूजा अर्चना कर बुराई की प्रतीक मानी जाने वाली होलिका का दहन किया।

जिसकी तैयारी लोगों द्वारा काफी पहले से ही की जा रही थी। गुरूवार को बकायदा होलिका दहन स्थल में साज सज्जा कर तथा पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं धुरैड़ी को लेकर भी नगर में जबरदस्त ढंग से बाजार सजाया गया है। जहां रंग-गुलाल व नाना प्रकार की पिचकारियों से बाजार अटा पड़ा है। इस हाईटेक युग की होली पर बाजार में विभिन्न प्रकार की कैप, चश्में, हर्बल रंग गुलाल, पांच से एक हजार रूपए मूल्य की पिचकारियां, दीपावली तर्ज पर रंग चटाई, अनार बम, चंदन टीका के साथ बाजार में 30 से 200 रूपए मूल्य तक में फैंसी गुब्बारे के पैकेट, मास्क उपलब्ध है। इन तमाम होली उपयोगी साजो सामान की खरीदी को लेकर बाजार में होलिका दहन के रोज लोगों की भारी भीड़ बाजार में देखने को मिली। दिनभर की खरीदी के बाद लोगों ने देरशाम को विधिवत होलिका दहन किया।।

### अंचल में रंगो का त्योहार आज

होलिका दहन के दूसरे रोज मनाई जाने वाली धुरेड़ी की भी लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व को रंग, गुलाल से सराबोर करने के लिए होली के मद्देनजर नगर में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की जा रही है। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों के इस उत्साह को बाजार में लगी रंग, गुलाल तथा पिछकारी दर्जनो दुकाने और अधिक बढ़ा रही है। कुल मिलाकर बना जा रहा है कि धुड़ेरी के रोज सार्वधिक मौज बच्चों की ही रहनी वाली है।

### सुरक्षा की चाक चौबंध व्यवस्था

होली के त्यौहार को देखते हुए नगर सहित जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कवर्धा नगर की बात की जाए तो यहां प्रमुख चौक चौराहों तथा संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इसके अलावा कई पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है जो शहर के सभी ईलाकों तथा मुख्य मार्गो में लगातार गस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटर सायकल पर तीन सवारियों, हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों तथा शराबियों पर खास नजर रखी जा रही है।

# नवोदय चयन परीक्षा के लिए सामुदायिक विकास के तहत की गई सराहनीय पहल, बांटी गई आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) कबीरधाम के शिक्षकों ने ग्राम पंचायत खैरतुलसी में सामुदायिक विकास के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना था, ताकि वे आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस पहल के तहत छात्रों को नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए पाठ्य सामग्री, पुस्तकों, चार पेपर रिम, और अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा शिक्षक हरिशंकर साहू और संगीत शिक्षक चंद्रकांत यादव का विशेष योगदान रहा। उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया और सामग्री वितरित की। प्राथमिक शाला खैरतुलसी के शिक्षक सूर्यकांत ठाकुर के मार्गदर्शन में, 2020 से 2024 तक 48 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। इनमें से कुछ बच्चे वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय मुंगेली में भी अध्ययन कर रहे हैं। यह विशेष बात है कि ये प्रशिक्षक बच्चों को अप्रैल माह से ही अतिरिक्त समय निकालकर उन्हें नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी कराते हैं और इसके लिए कोई शुल्क नहीं लेते। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत प्रधानाचार्य एनके लांजेवार और पीएमश्री प्रभारी शुभम गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस पहल ने ग्रामीण छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री प्रदान की, जिससे उन्हें नवोदय चयन परीक्षा में सफलता पाने का एक बेहतर अवसर मिला है।

# मार्च माह के मध्य में ही आग उगलने लगे हैं भगवान भास्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मध्य मार्च के इस दौर में ही भगवान भास्कर एक बार फिर आग उगलने लगे है जिसके चलते अंचल में लगातार तबिस बढ़ रही है और लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। आलम ये है कि सूरज चढ़ने के बाद अब लोगों का धूप में बाहर निकलना मुस्किल होने लगा है। उल्लेखनीय है कि मार्च महिने के मध्य में अब भोर फटने के साथ ही भगवान भास्कर पूरे तेज के साथ प्रकट हो रहे हैं। दोपहर होते-होते उनकी यह प्रचण्ता चरम पर पहुंच जाती है और लोगों का अपने घरों से निकलना भी दूभर हो जाता है। आलम ये है कि चटख धूप के चलते लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकल रहे हैं उन्हें तपिश तथा चटख धूप से बचने के उपाय करने पड1 रहे हैं। इसी प्रकार घरों में मौजूद लोगों को भी गर्मी से बचने के लिए पंखा, कूलर, एसी का सहारा लेना पड़ रहा। मौसम के इन सख्त तेवरों को देख लोग अब अप्रैल, मई-जून माह की तपिश का अहसास कर सहम रहे हैं।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि जिले में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति लाने की आवश्यकता है। सभी एंजेसियों के अधिकारी निर्माण की प्रगति को गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा बुधवार को समय सीमा की बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायतों और पीएमओ पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गौरव पथ, मुख्यमंत्री समग्र विकास, मिनी स्टेडियम, महतारी सदन के निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन निर्माण कार्यो में समस्या आ रही है उनकों दूर कर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित न रहे और यदि किसी कारणवश कार्य रुका है, तो तुरंत समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद सीईओ जल्द से जल्द स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, उन्होंने निर्माण के दौरान निकली मिट्टी और मुरम का उपयोग सड़क निर्माण, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, डॉ. मोनिका कौड़ो, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति और सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। गौ-अभ्यारण परियोजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यों में तेजी लाने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उद्यमिता विकास एवं कौशल उन्नयन को बढ़ावा देने आयोजित किया गया कार्यक्रम

# कृषि विज्ञान केन्द्र में अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति के ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और पुरुषों के उद्यमिता विकास एवं कौशल उन्नयन को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियांत्रिकी विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर और कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के ग्राम बिजई और जमुनिया से 75 युवाओं, महिलाओं और पुरुषों को प्रशिक्षित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीपी त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों को सोयाबीन प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली सोयाबीन प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए प्रयासरत है। उनका उद्देश्य कम लागत पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करना और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन उत्पादों का उत्पादन करना है। सोया आधारित बेकरी उत्पादों और सोया स्नैक्स पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. एनके मिश्रा, वैज्ञानिक ने कृषि प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, लघु धान्य फसलों और अकाष्ठीय तेल बीज (महुआ, साल, नीम) के महत्व, प्रसंस्करण और राइस फोर्टिफिकेशन पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इसके बाद वैज्ञानिक डॉ. डी. खोखर ने मिलेट्स प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर उद्यमिता विकास और भावी उद्यमियों को मिलेट्स आधारित उत्पादों के प्रसंस्करण के क्षेत्र में नये उद्यम स्थापित करने के बारे में जानकारी दी, जिससे आय में वृद्धि हो सके। इंजीनियर टीएस सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में स्थापित सोया प्रोसेसिंग इकाई में सोयाबीन से पनीर बनाने का प्रदर्शन किया और प्रशिक्षणार्थियों को इसके बारे में सिखाया। इसके बाद, प्रशिक्षणार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र नेवारी में समन्वित कृषि प्रणाली के तहत पशुपालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन और बटेर पालन इकाई का भ्रमण भी कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीपी त्रिपाठी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ग्राम भगतपुर पूर्व माध्यमिक शाला में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में कक्षा आठवीं के लिए विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों एवं आठवीं की छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर तथा पुष्प माला भेंट कर किया गया। छठवीं एवं सातवीं के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया और तत्पश्चात अतथिति सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि लगातार अभ्यास करने से सफलता निश्चित ही प्राप्त होती है तथा सभी बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए अथक प्रयास करें। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य लाला राम चंद्रवंशी एवं गणमान्य नागरिक, शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।